# कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बुलन्दशहर।

पत्रांक 4856 /पं0/एस0बी0एम0(जी0)/डी0सी0–SLWM/2023–24 दिनांक– 23.02.2024

**समस्त,**
**खण्ड विकास अधिकारी,**
**जनपद बुलन्दशहर।**

**विषय–** **स्वच्छ भारत मिशन(ग्रा0) के अन्तर्गत जनपद की ग्राम पंचायतों में निर्मित "एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र" (ISWMC) का संचालन स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराये जाने के सम्बन्ध में।**

उपर्युक्त विषयक अपर मुख्य सचिव महोदय, पंचायतीराज विभाग, उ0प्र0 शासन के शासनादेश संख्या 1040/33–3–2021–116/2020 दिनांक 22.06.2021 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि स्वच्छ भारत मिशन(ग्रा0) के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट संग्रहण एवं कम्पोस्टिंग केन्द्र की स्थापना करने के लिये प्रत्येक राजस्व ग्राम स्तर पर अपशिष्ट प्रबन्धन के लिये एक प्रांगण (याड़ी) बनाया जाना है, जो **"एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र" (ISWMC)** के नाम से जाना जायेगा तथा उक्त शासनादेश के **प्रस्तर 15** में प्राविधानित किया गया है कि **"एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र" (ISWMC)** का संचालन ग्राम पंचायतें स्वयं कर सकती हैं अथवा स्वयं सहायता समूह के माध्यम से करा सकती हैं। ग्राम पंचायतें स्वतंत्र होंगी कि (ISWMC) की विभिन्न गतिविधियों को एक साथ करा सकती हैं अथवा इन्हें पृथक–पृथक जिम्मेदारी निर्धारित करते हुये करा सकती हैं।

तत्क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि सन्दर्भित शासनादेश में वर्णित दिशा–निर्देशों के सफल क्रियान्वयन के दृष्टिगत जनपद की ग्राम पंचायतों में निर्मित **"एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र" (ISWMC)** स्वयं सहायता समूह को हस्तान्तरित कराते हुये संचालित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही सूचना कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, बुलन्दशहर को उपलब्ध कराना भी सुनिश्चित करें।

(कुलदीप मीना)
मुख्य विकास अधिकारी,
बुलन्दशहर।

**प्रतिलिपि–**

1. जिलाधिकारी महोदय, बुलन्दशहर की सेवा में सादर अवलोकनार्थ।
2. उपायुक्त (स्वतः रोजगार), बुलन्दशहर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. जिला पंचायत राज अधिकारी, बुलन्दशहर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0)/सहायक विकास अधिकारी (ISB), जनपद बुलन्दशहर को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
5. समस्त प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत, जनपद बुलन्दशहर द्वारा सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारी(पं0) को उपरोक्तानुसार आदेशपालनार्थ।

मुख्य विकास अधिकारी,
बुलन्दशहर।

Scanned with OKEN Scanner